भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1670**

**13 दिसंबर, 2023 के लिए प्रश्न**

**मध्याह्न भोजन कार्यक्रमों हेतु चावल का उपयोग**

**1670. एडवोकेट अदूर प्रकाश:**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को केरल से अपने ही राज्य में उत्पादित चावल का मध्याह्न. भोजन कार्यक्रम के लिए उपयोग करने का अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार इस पर विचार करेगी और इसकी अनुमति प्रदान करेगी;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**
**(साध्वी निरंजन ज्योति)**

**(क) से (ङ.) :** केरल सरकार, खाद्य और नागरिक आपूर्ति (सी) विभाग ने कस्टम मिल्ड चावल (सीएमआर) के अधिशेष स्टॉक को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम-पोषण) योजना (पूर्ववर्ती मध्याह्न भोजन योजना) में परिवर्तित करने के लिए इस विभाग से नवंबर, 2023 में अनुरोध किया था।

पीएम-पोषण (पूर्ववर्ती मध्याह्न भोजन योजना) के लिए स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय प्रशासनिक विभाग है, इसलिए केरल सरकार को यह परामर्श दिया गया था कि वह स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार के साथ इस मामले के संबंध में कार्रवाई करे। अब, केरल सरकार ने यह सूचित किया है कि खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग, केरल ने इस मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु शिक्षा विभाग, केरल सरकार से संपर्क किया है।

********